# सभी कलाकारो की विनती श्याम प्रभु जी सुन लेना लिरिक्स

सभी कलाकारो की विनती,
श्याम प्रभु जी सुन लेना,
नैया डगमग होय हमारी,
इसे पार तुम कर देना।bd।

तर्ज – भला किसी का कर ना।

---

कैसा वक़्त ये आया बाबा,
हम सब तो बर्बाद हुए,
दरबारों में ताले लग गये,
ओर जागरण भी बंद हुए,
पूरा है विश्वास आप पर,
इसे तोड़ अब ना देना,
नैया डगमग होय हमारी,
इसे पार तुम कर देना।bd।

---

तेरे चरणों में रहकर,
तेरा गुणगान ही करते थे,
लोगो की खुशियों में बाबा,
हम ही तो रंग भरते थे,
देख साज़ और सामानो को,
भर आए अब तो नैना,
नैया डगमग होय हमारी,
इसे पार तुम कर देना।bd।

---

झूठे है सब रिश्ते नाते,
सबने मुख को मोड़ा है,
श्याम धणी सरकार हमें अब,
किसके भरोसे छोड़ा है,
मौसम बदले लोग बदल गए,
अब तुम मुख ना फेर लेना,
नैया डगमग होय हमारी,
इसे पार तुम कर देना।bd।

---

हारे के हो सहारे तुम तो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लॉक डाउन से हम हारे,
अब परिवार चलाए कैसे,
फिरते है मारे मारे,
लिखा भजन ‘ज्योति’ ने बाबा,
गाया भजन ‘कृष्णा’ ने बाबा,
इसे गौर से सुन लेना
नैया डगमग होय हमारी,
इसे पार तुम कर देना।bd।

---

सभी कलाकारो की विनती,
श्याम प्रभु जी सुन लेना,
नैया डगमग होय हमारी,
इसे पार तुम कर देना।bd।

**Singer – Krishna Agarwal Kolkata**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com